तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 सौंदर्यीकरण के बाद भी शहर के कई तालाबों की हालत दयनीय



## खबर संक्षेप

### बस दुर्घटना के मृतकों के परिजन एवं घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर स्थित ओरसा घाट के समीप हुई बस दुर्घटना पर स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के विशेष प्रयासों और संज्ञान के बाद, मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से दुर्घटना में मृतक और घायल हुए लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। ज्ञातव्य है कि 18 जनवरी को इस भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने शोक प्रकट करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया है। नेताम की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा इस प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। हादसे में घायल हुए यात्रियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके बेहतर इलाज के लिए 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की है। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न हो और उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री श्री नेताम ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मुख्यमंत्री से चर्चा की और राहत कार्यों की जानकारी दी।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बलरामपुर।** भेलवाडीह निवासी 21 वर्षीय मुकेश राम आ. लवकुमार राम द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर 1 मार्च 2021 से 20 नवंबर 2025 तक दुष्कर्म किया। इस मामले में नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुकेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 64 (2) (एम), 65 (1), 89 व पॉक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सुपर 30 के संस्थापक आनंद और लेखक नीलोत्पल मृणाल ने युवाओं को दिए सफलता के मंत्र

# पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि रोमांचक बनाना चाहिए : आनंद कुमार





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रसिद्ध गणितज्ञ और सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार और विश्व विख्यात लेखक नीलोत्पल मृणाल सरगुजा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर के कला केंद्र मैदान में युवा उड़ान कार्यक्रम के तहत युवाओं को सफलता, संघर्ष और जीवन के मूल्यों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

**खास बात**

- युवा उड़ान कार्यक्रम में युवाओं को मिला प्रेरणा और मार्गदर्शन

कला केंद्र मैदान में सैकड़ों की संख्या में मौजूद छात्र छात्राओं को सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स और सफलता के मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि यहां बैठा हर बच्चा नायाब है और सभी में अद्भुत हुनर है। आवश्यकता है उस ताकत को पहचानने की और दुनिया में बेहतर कार्य कर मिसाल कायम करने की। सफलता के लिए जरूरी है कि जिस विषय में सफल होना है, उसी विषय को लेकर पूरी निष्ठा के साथ जीवन जिया जाए और किसी भी अन्य चीज को बीच में आने न दिया जाए। विषय समझने में कठिनाई आने पर हार मानने के बजाय निरंतर प्रयास करना चाहिए, क्योंकि लगातार मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। श्री आनंद कुमार ने कहा कि पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि रोमांचक बनाना चाहिए। आज इंटरनेट जैसे आधुनिक संसाधनों में हर समस्या का समाधान उपलब्ध है, आवश्यकता केवल सही दिशा में प्रयास करने की है। उन्होंने अपने करियर के संघर्षों और जीवन की चुनौतियों ⏭ शेष पेज 4 पर

### बताए सफलता के चार मंत्र

आनंद कुमार ने युवाओं को सफलता के चार मंत्र भी बताए। उन्होंने कहा कि पहला मंत्र प्रबल प्रयास-जब तक सफलता न मिले, प्रयास करते रहना चाहिए। दूसरा मंत्र सकारात्मक सोच-जो निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। तीसरा मंत्र अथक परिश्रम-बिना रुके और बिना थके मेहनत करना ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। चौथा मंत्र असीम धैर्य -यदि प्रयास तुरंत सफल न हों तो निराश नहीं होना चाहिए। धैर्य रखते हुए परिश्रम निरंतर करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। पढ़ाई को लेकर बच्चों में बढ़ते डिप्रेशन पर उन्होंने कहा कि इसमें माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।

### मेहनत से मिलती है उड़ानः अग्रवाल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा के युवाओं के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि उन्हें आनंद कुमार और नीलोत्पल मृणाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सुनने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उड़ान पंखों से नहीं, बल्कि मेहनत से मिलती है। हमारी चाह और संकल्प ही हमें लक्ष्य तक पहुंचाते हैं। युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर ऊंची उड़ान का हौसला रखना चाहिए।

### डर से डरने के बजाए संघर्ष की आग में तपना जरुरी : मृणाल

कार्यक्रम में शामिल विश्वविख्यात लेखक नीलोत्पल मृणाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ही छत्तीसगढ़ की तकदीर है और एक परीक्षा किसी की तकदीर का फैसला नहीं करती। उन्होंने कहा कि डर से डरने के बजाय संघर्ष की आग में तपना होगा, तभी वास्तविक सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने युवाओं को चेताया कि डिप्रेशन को पैशन न बनाएं, क्योंकि डिप्रेशन और पैशन एक साथ नहीं चल सकते। यदि भीतर आगे बढ़ने का पैशन है, तो सफलता निश्चित है। श्री मृणाल ने कहा कि संघर्ष हर व्यक्ति के आसपास मौजूद है और इसमें किसी भी प्रकार का बहाना नहीं होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि दूसरों की आकांक्षाओं को अपना बोझ बनाकर न ढोएं, बल्कि स्वयं यह निर्णय लें कि उन्हें किस क्षेत्र में जाना है और उसी लक्ष्य पर अडिग रहें। चाहे कोई भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न आएं, अपने निर्णय से विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं में चेतना जगाने के उद्देश्य से है। यदि युवा दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो आने वाला कल उन्हीं का होगा और वही भविष्य में इतिहास रचेंगे।



# बच्चों से कराया कांग्रेस नेताओं का स्वागत, हेड मास्टर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कांग्रेस नेताओं का स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत करने और हसदेव बचाओ की नारेबाजी करने के मामले में संयुक्त संचालक शिक्षा ने प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है जबकि प्राचार्य और व्याख्याता को नोटिस जारी करने के साथ ही कार्रवाई के लिए संचालक स्कूल शिक्षा को अनुशंसा की है। जेडी शिक्षा ने यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पेश किए गए प्रतिवेदन के बाद की गई है।

- प्राचार्य व व्याख्याता के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई

बता दें कि हसदेव बचाओ संघर्ष के तहत 20 जनवरी को कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया सूरजपुर जिले में पहुंचे थे। इस दौरान वे अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह के साथ हसदेव के लिए रवाना हुए थे। हसदेव जाने के दौरान रामानुजनगर विकासखंड के गणेशपुर में हायर सेकेंडरी स्कूल और मिडिल स्कूल के बच्चों ने लाइन लगाकर कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया।

इस दौरान छात्रों ने हसदेव बचाओ के नारे भी लगाए। कोयला उत्खनन से हो होने वाले नुकसान और हसदेव जंगल को बचाने के लिए चलाए गए अभियान में बच्चों के शामिल होने और कांग्रेस नेताओं का स्वागत करने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा नेता मुरली सोनी ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके बाद डीईओ सूरजपुर अजय मिश्रा ने रामानुजनगर बीईओ को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। बीईओ रामानुजनगर ने हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मूरित राम कोसरिया, ⏭ शेष पेज 4 पर

**की गई है कार्रवाई**

जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर प्रधान पाठक को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही प्राचार्य व लेक्चरर के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक शिक्षा





हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता


विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों




की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'




अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल







घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद




कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। किआरा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

किआरा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी किआरा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। किआरा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और किआरा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शहद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप




### यातायात जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को नगर में रैली का आयोजन किया गया। 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा वृहद् यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को यातयात प्रभारी विमलेश देवांगन द्वारा रवाना किया गया। रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर चांदो चौक होते हुये श्रीराम चौक तक पुनः वापस पुलिस लाईन तक निकाली गई। इस जागरूकता रैली के दौरान यातायात प्रभारी एवं टीम द्वारा पूरे नगर में यातायात पॉम्पलेट का वितरण करते हुये आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई। साथ ही दोपहिया वाहन में त्रिपल सवारी न बैठाने। नशे की हालत में वाहन न चलाने। सीट बेल्ट का प्रयोग करने, बीना हेलमेट वाहन न चलाने सहित अन्य जानकारी दी गई। इस दौरान सउनि जबलून कुजूर, प्रधान आरक्षक अमित मिंज, यातायात विभाग की टीम व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### कांग्रेस ने चौपाल लगाकर दी मनरेगा की जानकारी



**रामानुजनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे ग्राम पंचायत तेजपुर में मनरेगा बचाव संग्राम का जन चौपाल लगाकर ग्रामीण को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान उर्दू बोर्ड के सदस्य इस्माइल खान, मेहंदी लाल यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य हेमलता राजवाड़े, ब्लॉक के महामंत्री चंद्र दत्त दुबे, विजय साहू, हेमंत साहू, समरत प्रजापति, मंडल के अध्यक्ष कृष्णा साहू, रमाशंकर साहू, राजेश साहू, राजेद हितकर, सरपंच बृजलाल, राजेंद्र साहू एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### असंगठित कामगार व कर्मचारी संघ के संदीप पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त

**बिश्रामपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज की सहमति पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर द्वारा प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की नई सूची जारी की है,जारी सूची में संगठन के सुरजपुर जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा को लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी सौंपी गई है,साथ ही तपन सिकदार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

## साफ-सफाई के अभाव में जलकुंभी व शैवाल से अटे तालाब

# सौंदर्यीकरण के बाद भी शहर के कई तालाबों की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सौंदर्यीकरण के बाद भी साफ-सफाई के अभाव में शहर के कई तालाबों की हालत दयनीय है।

**खास बात**
- निस्तार के उपयोग करना भूले लोग

आलम यह है कि कुछ साल पूर्व हुए तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद भी तालाब में शैवाल व जलकुंभी से अटे है जिससे अब लोगों ने निस्तारण के लिए तालाब का उपयोग करना भी छोड़ दिया है। इस तरह की स्थिति शहर के एक तालाब की नहीं बल्कि लगभग सभी तालाबों की है। हालांकि कुछ तालाबों का सौंदर्यीकरण होना बाकी है परंतु जिन तालाबों की सौंदर्यीकरण हो चुकी है उनकी भी देखरेख व सफाई के अभाव में हालत दयनीय हो गई है। ऐसा नहीं है कि निगम प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से तालाब शैवाल व जलकुंभी से अटे पड़े है।

तालाबों के संरक्षण के लिए जहां सौंदर्यीकरण जरूरी है जिससे तालाबों का अस्तित्व बरकरार रह सके। तालाबों की सुरक्षा व जल संरक्षण को लेकर निगम सरकार गंभीर है और शहर के कई तालाबों का सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण करा चुकी है। हालांकि कुछ तालाबों का सौंदर्यीकरण का काम बाकी है जिसकी प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। जिन तालाबों के सौंदर्यीकरण नहीं हुई है उसका हालत तो दयनीय है ही परंतु जिन तालाबों की सौंदर्यीकरण हुआ है लेकिन देखरेख व साफ-सफाई नहीं होने से उनकी की हालत दयनीय होने लगी है। दो साल पूर्व ही शहर के पांच तालाबों का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया। सौंदर्यीकरण सहित तालाब की गहरीकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है परंतु साफ-सफाई नहीं होने के कारण तालाब शैवाल सहित घास से अटे हुए है। शैवाल व जलकुंभी की सफाई नहीं होने से तालाब की हालत ज्यों कि त्यों बनी हुई है। ऐसे में शहर के कुछ तालाबों की हालत ज्यादा खराब है वहीं अब लोगों ने निस्तारण के लिए उपयोग करना छोड़ दिया है। सौंदर्यीकरण के बाद अब तालाब केवल मोहल्ले की शोभा बढ़ा रही है। जबकि कई सालों से तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से पानी भी दूषित हो रही है और दुर्गंध आने लगी है।



जलकुंभी व शैवाल से अटा जोड़ा तालाब।

### नशेड़ियों का बना अड्डा

हर शाम जिस तालाब के किनारे लोगों की भीड़ लगती थी वहीं अब तालाब की दुर्दशा की वजह से लोगों की भीड़ तो गायब हो गई है। शहर के जोड़ा तालाब, दीवान तालाब, करसु तालाब सहित अन्य तालाब की हालत ऐसी है जहां शाम ढलते ही नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। जहां बड़ी संख्या में असमाजिक तत्वों एकत्र होकर देर रात तक उत्पात मचाने लगते है। जिस कारण नशे का गढ़ माने जाने वाले मोहल्ले में जोड़ा तालाब, ब्रम्हपारा, सत्तीपारा का यह क्षेत्र भी पुलिस की डायरी में अंकित है।

### पहुंचा रहे नुकसान

शहर के जिन तालाबों का सौंदर्यीकरण हुआ है उन तालाबों में कुछ साल पूर्व ही लोगों के बैठने के लिए लोहे की कुर्सी सहित रौशनी के लिए लाइट की व्यवस्था की गई थी। परंतु असामाजिक तत्वों ने न सिर्फ लाइट को तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचा बल्कि कई तालाबों से लोगों के लिए बैठने के लिए लगाए गए लोहे के बेंच को पार कर दिया। ऐसे में अब तालाब के किनारे लगाए गए लोहे की कुर्सी गायब हो गई है।

### कराई जाएगी साफ सफाई

शहर की तालाबों का सौद्यीरकरण कुछ साल पूर्व किया गया है। बरसात के कारण तालाब में घास सहित जल कुभी हो गया है। जल्द ही तालाब की साफ सफाई कराई जाएगी।

-मंजूषा भगत, महापौर



## खम्हरिया स्कूल में किया गया प्रार्थना शेड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

शासकीय उमावि खम्हरिया में प्रार्थना शेड निर्माण का विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा लम्बे समय से स्कूल में शेड निर्माण की मांग की जा रही थी जिसके बाद कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल पर खनिज न्यास मद से 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्रार्थना शेड निर्माण के लिए की गई है।

इस शेड के निर्माण से अब ठंड, गर्मी व बरसात के दिनों में छात्र छात्राओं को प्रार्थना व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। शेड निर्माण का भूमिपूजन सरपंच श्रीमती झुलकुंवर पैकरा, सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद पैकरा, सचिव रामबिलास यादव ,जनपद सदस्य श्रीमती रेवति यादव, प्राचार्य सुनिल कुमार सिंह ने किया। ग्राम पंचायत भदवाही सरपंच व सभी प्रतिनिधियों ने स्कूल का आंकलन किया। सरपंच, जनपद सदस्य व सभी प्रतिनिधियों का प्राचार्य व स्टाफ के द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान व्याख्याता जैसवाल सिंह सोरी, गोविन्द सिंह विजय यादव, श्रीमती सुमन यादव, जयप्रकाश सोनवानी, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती सोनामति, श्रीमती बुधियारो, देवत, अवधेश यादव, सियम्बर, चंद्रिका, जगदीश, जितेन्द्र व कौशल नाथ तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## ओपीएस के दिव्यांश की लेखनी की धमक दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के छात्र दिव्यांश केसरी ने अपनी जिज्ञासा एवं विद्यालय की शिक्षा के फलस्वरूप दिल्ली के एक राष्ट्रीय राजनीतिक चैनल लाइव लॉ को अपनी एक आर्टिकल प्रकाशित करने हेतु भेजा जिसे चैनल



ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। दिव्यांश केशरी के लेख का शीर्षक भारतीय संविधान के तहत आर्थिक स्वतंत्रता एवं लोकियन उदारवाद था। इस लेख में दिव्यांश ने बहुत ही बारिकी से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र के अलावा अन्य जनमानस के आर्थिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लेख किया है। दिव्यांश ने जॉन लॉक, बेंथम, एडम स्मिथ आदि के मूलभूत सिद्धांतों का हवाला देते हुए भारत सरकार, राज्य सरकार एवं आम जनता के बीच पूंजीवाद एवं उदारवाद के मूलभूत कानून एवं जनता पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला है। दिव्यांश ने कहीं बेंथम के उपयोगितावाद के तहत आम आदमी को सर्वोत्तम खुशी सुनिश्चित करने तो कही जॉन लॉक के प्रकृति ने व्यक्तियों को सर्वोच्च प्राकृतिक अधिकार प्रदान करने का उल्लेख किया। दिव्यांश ने अपने लेख द्वारा दृढ़ता से भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकारों के बारे में बताया है। दिव्यांश की उपलब्धि पर संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने बधाई दी है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मनोज कुमार गुप्ता पिता श्री श्याम बिहारी गुप्ता निवासी ग्राम सलका-अधिना, तहसील-भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र पं. क्र. बी -2023: 22-90038-008452 जारी तिथि 18-01-2024 है, तथा मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 29-11-2023 है। जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम शौर्य गुप्ता दर्ज है, चूंकि पुत्र का नाम परिवर्तित कर उसका परिवर्तित नाम आरव गुप्ता रख लिया गया है। जन्म प्रमाण पत्र में शौर्य गुप्ता नाम को विलोपित कर परिवर्तित नाम आरव गुप्ता दर्ज करना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
मनोज कुमार गुप्ता
पिता- श्री श्याम बिहारी गुप्ता
निवासी-ग्राम सलका-अधिना, तहसील-भैयाथान, जिला-सूरजपुर छ. ग.

## कलेक्टर ने लखनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों शासकीय संस्थानों का किया निरीक्षण



**लखनपुर।** आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिपं सीईओ विनय अग्रवाल द्वारा विभिन्न ग्रामों एवं शासकीय संस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम चांदो धान खरीदी केंद्र, पीएमजीएसवाई रोड चांदो–घंटाडीह, पहाड़ी कोरवा आवास, आंगनबाड़ी केंद्र तुनगुरी, उप स्वास्थ्य केंद्र कुसु, प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल कुसु, प्राथमिक स्कूल तुनगुरी, आदिवासी बालक आश्रम तुनगुरी सहित अन्य स्थलों का अवलोकन किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र कुसु में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण करते हुए कलेक्टर एवं सीईओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को गर्भवती एवं प्रसूता के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु मितानिन समूहों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के निर्देश दिए। साथ ही घंटाडीह में जनमन आवास योजना के हितग्राहियों से गृहभेंट कर आवास निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया गया। हितग्राहियों से शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। सौर ऊर्जा कनेक्शन से विद्युत आपूर्ति की स्थिति के संबंध में भी चर्चा की गई। हाई स्कूल कुसु में आकांक्षी परीक्षा पर्व के संदर्भ में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक अर्जित करने हेतु प्रेरित किया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दर्ज संख्या की तुलना में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाए जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आगामी दिनों में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना की भी जांच की गई। तुनगुरी आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों से बातचीत की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की जानकारी ली गई, जिस पर कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि इस आंगनवाड़ी में सभी बच्चे नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं। तुनगुरी प्राथमिक विद्यालय एवं आदिवासी बालक आश्रम तुनगुरी का निरीक्षण किया गया। आश्रम परिसर में विकसित किचन गार्डन की सराहना करते हुए अधिकारियों ने लखनपुर के अन्य बालक आश्रमों में भी इसी प्रकार का किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बन सिंह नेताम, तहसीलदार श्रीमती अंकिता पटेल, जनपद सीईओ डॉ. स्वेच्छा सिंह, सहित शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

बिश्रामपुर। गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ की तरफ जा रही तेज रफ्तार की डॉल्फिन बस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया,प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर हालत में बेहतर उपचार हेतु रायपुर रेफर किया गया है,बताया गया कि अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ जा रही डॉल्फिन बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0356 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मुख्य मार्ग अम्बेडकर चौक के पास बाइक सवार युवक रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर चौक निवासी विशाल गुप्ता को अपनी चपेट में ले लिया,विशाल अपने बच्चे को स्कूल छोड़ कर वापस घर लौट रहा था,हादसे में बाइक सवार विशाल गुप्ता के सिर व कमर में गंभीर चोट आई है,पुलिस ने आरोपी बस को जप्त कर बिश्रामपुर थाना परिसर में खड़ी कराया है, प्राप्त जानकारी अनुसार वाहन को राजकुमार सोनवानी चला रहा था,बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

### न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क./ /अ-21/25-26
ग्राम परसोदीखुर्द तहसील दरिमा

**:: ईश्तहार::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि, आवेदक बीगू राम आ. महा प्रसाद निवासी ग्राम परसेढ़ीखुर्द तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम परसोढ़ीखुर्द प.ह.न. 01 रा.नि.मं. सोहगा तहसील दरिमा में स्थित भूमि ख.न. 243/2 रकबा 0.111 (22711.85) व्यपवर्तित भूमि को अनावेदिका निर्मला गुप्ता पत्नि संतोष कुमार गुप्ता निवासी महराव पारा ग्राम चांकी पो. चांकी तहसील रामानुजगंज जिला बलरामपुर छ.ग. के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु न्यायालय कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त है।

अतः उपरोक्त संबध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर इस पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

**ना. तहसीलदार**
**दरिमा**

### न्यायालय तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा (छ.ग.)

राजस्व प्र.क्र. 202512020600021/अ-6/2025-26

**-:: नोटिस ::-**

प्रति,
1. श्री संजय कुमार सोनी पिता स्व. बसंत सोनी,
2. श्री नवीन कुमार सोनी पिता स्व. बसंत सोनी,
3. मु. विन्ध्याचली बेवा स्व. बसंत सोनी,
सभी निवासी नगर पंचायत लरंग साय वार्ड क्र.-10 तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.संहिता के तहत् उपस्थिति हेतु नोटिस का प्रकाशन।

आवेदक खुशी राम आ. बालमुकुन्द, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम बतौली, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अनावेदक बसंत सोनी आ. नान्हु साव, जाति सोनार, निवासी सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) के नाम पर ग्राम बतौली, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) के नाम पर ग्राम बतौली स्थित भूमि ख.नं. 519, 520 रकबा क्रमशः 0.138, 0.069 हे. भूमि को आवेदक पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है प्रकरण के संचालन में आपत्तिकर्तागण अजय कुमार सोनी आ. अनावेदक बसंत सोनी व अन्य 01 के द्वारा बसंत सोनी का मृत्यु होना बताया है जो छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत् प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप वादभूमि के स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज सहित जवाब पेशी दिनांक 03/02/2026 को न्यायालय में समय 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कि जावेगी। नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**लुण्ड्रा (धौरपुर)**
**जिला सरगुजा (छ.ग.)**

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 08 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 18 जनवरी 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 25 जनवरी 2026, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 फरवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 24 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900868 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम.डी.जनरल फिजिषियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS - हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विषेशज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) - दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस मंडल अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

**शंकरगढ़।** संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थको में हर्ष का माहौल है।






नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को कार्यकर्ताओं ने बढाई दी। बता दें कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। शंकरगढ़ ब्लॉक की बात की जाए तो यहां भी विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पार्टी की ओर से की गई है। कांग्रेस पार्टी ने कमारी मंडल से रामसुंदर सिंह, जमडी मंडल से रामशरण यादव, डीपाडीह कला मंडल से कृष्णा नाग तथा जोकापाठ मंडल से हृदयानंद यादव को मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संगठनात्मक अनुशासन के साथ करेंगे।

### चौराहे पर तांत्रिक क्रिया का चिन्ह मिलने से मोहल्ले के लोग भयभीत

**लखनपुर।** ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में तंत्र मंत्र की प्रचलन आज भी चल रहा है। ऐसे में अब भी लोग अंधविश्वास के दायरे से मुक्त नहीं हो सकें है। झाड़



फूंक टोना टोटका जैसी घटनाएं अक्सर सुनने में आ जाते हैं। जिले के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ही नहीं शहर नगर में भी तंत्र मंत्र को मानने वाले लोग टोना टोटका जैसी तांत्रिक क्रियाओं पर अपना आस्था बनाए हुए है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 07 में 20 जनवरी की रात तांत्रिक क्रिया किए जाने का निशान मिलने से वार्ड वासियों में एक अनदेखा अनहोनी होने का डर बना हुआ है। वार्ड के चौराहे पर कुछ ताराकृत रेखाओं के बीच सिन्दूर चुड़ी काले कपड़ों की टुकड़े बिखरे पड़े हुए देख लोगों में भय का माहौल है। इसे किसी अज्ञात व्यक्ति विशेष अथवा घर परिवार अहित के लिए किया गया जादू माना जा रहा है।अब इस तारा कृत निशान और सामग्रियों का रहस्य क्या है जानकार ही उजागर कर सकते हैं।

## पेज 1 के शेष...

### पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि रोमांचक...

को साझा करते हुए कहा कि असुविधाएं मिलने पर पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि धारा के विपरीत चलकर भी पत्थरों को तोड़ते हुए आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि यह आयोजन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं से मंच से प्राप्त विचारों को ध्यानपूर्वक सुनकर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि जिले के युवाओं को आज महान व्यक्तित्वों के अनुभवों और दृष्टिकोण को जानने का अवसर मिला है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों को साझा करते हुए युवाओं को कठिन परिस्थितियों का सामना कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसौदिया एवं श्रीमती पायल सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, अपर कलेक्टर सुनील नायक अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने किया कांग्रेस नेताओं का...

व्याख्याता राजेश कुमार चौधरी और पूर्व माध्यमिक शाला गणेशपुर के प्रधान पाठक सभान राम सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जांच के दौरान बीईओ ने तीनों की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष पेश किया था। जांच के दौरान प्राचार्य, प्रधान पाठक व व्याख्याता ने अपना तर्क दिया कि छात्र भोजन अवकाश में स्वागत के लिए गए थे और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हुई लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ने इस गतिविधि को अनुशासनहीनता माना है। शासकीय उमावि गणेशपुर के प्राचार्य मुरित राम कोसरिया एवं व्याख्याता राजेश कुमार चौधरी, साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सभान राम सिंह के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 03 एवं नियम 05 के विपरीत कार्य करने का मामला पाया गया। जिसके बाद डीईओ ने तीनों पर कार्रवाई की अनुशंसा कर संयुक्त संचालक शिक्षा को भेज दिया था। इस मामले में संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता ने प्रधान पाठक समान राम सिंह प्रधान पाठक को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (ख) में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप शासकीय सेवा से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय सूरजपुर नियत किया गया है। वहीं जेडी संजय गुप्ता ने प्राचार्य मुरित राम कोसरिया एवं व्याख्याता राजेश कुमार चौधरी के खिलाफ कार्रवाई के लिए संचालक को अनुशंसा की है।

## निधन

### लखमुना देवी



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल माइनर्स कॉलोनी बिश्रामपुर निवासी लखमुना देवी 85 का बुधवार को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार आज गुरूवार को बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गयाजिन्हें मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र रमाशंकर पांडेय ने दी,स्व.लखमुना देवी शिक्षक गौरीशंकर पांडेय की माता जी थी।

## नायब तहसीलदार को धमकी देने का वीडियो हुआ वायरल

# भाजपा नेता के घर से जब्त किया गया 405 बोरी अवैध धान



कार्रवई करते राजस्व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जांच में जुटे अधिकारी

एक तरफ प्रदेश सरकार अवैध धान को समितियों में खपाने के लिए अनेकों प्रयास कर रही है और प्रदेशभर में कोचियों, बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है तो वहीं दूसरी ओर सरकार के इस प्रयास पर भाजपा पदाधिकारी ही बंटा लगा रहे है। आलम यह है कि भाजपा पदाधिकारी ही कोचियों के साथ मिलकर समितियों में धान खपाने का प्रयास कर रहे है। इस बात का खुलासा प्रशासनिक कार्रवाई से हुआ है। मुखबिर से मिली सूचना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने सीतापुर में भाजपा नेता और अधिवक्ता के निजी निवास से 405 बोरी अवैध धान जब्त किया है। जब्त धान की कीमत 5 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। बड़ी बात यह है कि धान जब्ती के दौरान भाजपा नेता ने नायब तहसीलदारों को देख लेने तक की धमकी दी। भाजपा नेता द्वारा धमकी देने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि अवैध धान खपाने वालो पर चल रही कार्रवाई के बीच प्रशासनिक टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सीतापुर में अधिवक्ता और भाजपा नेता सुनील गुप्ता के निज निवास में देर रात ढाई बजे अवैध धान उतरा है और बाहर से मंगाए गए इस धान को समिति में खपाने की योजना है। सूचना मिलने के बाद नायब तहसीलदार तुषार माणिक और राजेश यादव सहित अन्य अधिकारियों ने गुरुवार की सुबह भाजपा नेता सुनील गुप्ता के निवास पर दबिश दी। इस दौरान मकान में बने गोदाम की जांच के दौरान अधिकारी भी हैरान रह गए। अधिवक्ता के गोदाम में जूट की बोरियों धान पाया। सभी बोरियों में 40 किलो 800 ग्राम धान मौजूद था। अधिकारियों ने मौके से कुल 405 बोरी अवैध धान बरामद किया। बरामद किए गए धान की कीमत 5 लाख 20 हजार 2 सौ रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने धान को जब्त कर सुनील गुप्ता के ही सुपुर्दगी में दे दिया गया है। हालांकि अब इस कार्रवाई के दौरान भाजपा नेता द्वारा अधिकारियों से विवाद करने और धमकी देने का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में भाजपा नेता सुनील गुप्ता नायब तहसीलदारों व अन्य अधिकारियों को धमकाते नजर आ रहे है। उन्होंने अधिकारियों को देख लेने की धमकी दी। हालांकि अधिवक्ता और भाजपा नेता सुनील गुप्ता का कहना है कि वे सम्पन्न किसान है और अन्य स्थानों से उनके पास धान आता है। उन्होंने धान को अपना बताते हुए जबरजस्ती की कार्रवाई बताया। विदित हो कि भाजपा नेता सुनील गुप्ता क्षेत्रीय विधायक के करीबी है और लम्बे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे है। इस संबंध में नायब तहसीलदार तुषार माणिक ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी अधिक्वता सुनील गुप्ता के घर देर रात अवैध धान उतरा है जिसके बाद दबिश दी गई। मौके से जूट बोरियों में 405 बोरी धान जब्त कर मकान मालिक के सुपुर्द किया गया है। जांच का विषय का है धान किसी और राज्य से आया है या उनके किसी खेत का है। इसकी जांच चल रही है।

### कसलगिरी धान समिति केंद्र में 544 किसानों ने किया रकबा समर्पण

**बिश्रामपुर।** ग्राम कसलगिरी में स्थित धान समिति केंद्र में पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह,राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि अब तक 544 किसानों द्वारा 37.507 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया जा चुका है,वहीं आज हल्का पटवारी द्वारा सात किसानों के टोकनों का सत्यापन किया गया,जिसमें 473.8 क्विंटल धान से संबंधित 9 हेक्टेयर रकबे के टोकन को धान समिति केंद्र में जमा कर पावती प्राप्त की गई। संबंधित किसानों को नियमानुसार रकबा समर्पण करने के निर्देश दिए गए।

**कसकेला में 230 क्विंटल धान का रकबा समर्पित-** कसकेला गांव में रामप्रसाद पैकरा के खेत व निवास समीप राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी की उपस्थिति में धान का भौतिक सत्यापन किया गया,सत्यापन के दौरान मौके पर मात्र 70 क्विंटल धान पाया गया,जबकि किसान द्वारा कुल 300 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन कटाया गया था,जांच में अंतर पाए जाने पर किसान द्वारा 27 एवं 29 जनवरी के टोकन के विरुद्ध 230 क्विंटल धान का रकबा समर्पण फॉर्म मौके पर ही भरा गया, समर्पित रकबे से संबंधित दस्तावेज कसलगिरी धान समिति केंद्र में जमा कर पावती प्राप्त की गई।



## यात्री बस में लगी आग चालक ने दिखाई तत्परता

**ओड़गी।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ मसनकी घाट पर उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अचानक एक यात्री बस के इंजन से धुंआ उठने लगा। चालक की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। रोज की तरह कुंवर बस यात्रियों को लेकर दूरस्थ ग्राम खोड़ की ओर जा रही थी। बस में 60-70 यात्री सवार थे। यात्री बस जैसे ही मसनकी घाट की चढ़ाई चढ़ने लगी इंजन से धुंआ निकलने लगा। बस में आग लगने की संभावना पर चालक ने तत्परता दिखाते हुए बस को रोक कर इंजन को बंद कर दिया तथा यात्रियों से बिना घबराए नीचे उतरने को कहा। इंजन से धुंआ निकलने से भयभीत यात्री शीघ्रता से नीचे उतरे। इस दौरान चालक की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।




## आबकारी उड़नदस्ता टीम ने जब्त किया 6 सौ नग नशीला इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एक सप्लायर गिरफ्तार, दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी

नशीला इंजेक्शन की तस्करी करने के मामले में आबकारी उड़न दस्ता टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने एक सप्लायर को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से 600 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 21 जनवरी को आबकारी उड़न दस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में रात्रि गस्त पर निकली हुई थी। इस दौरान सांडबार वनदेवी मंदिर रोड पर सडक किनारे एक काली रंग की स्कॉर्पियो वाहन पेड़ के नीचे खड़ी थी। इस दौरान जब उड़नदस्ता की टीम मौके पर पहुंची तो एक संदिग्ध वाहन से निकलकर अंधेरे में भाग निकला जबकि वाहन सवार दूसरे व्यक्ति को टीम ने हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली तो वाहन में रखे पिट्ठू बैग से 6 सौ नग इंजेक्शन बरामद किया गया जिसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए है। टीम ने मामले में आरोपी लखनपुर बंधा निवासी बिहारी कुर्रे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। टीम ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक कुमार राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक ओमप्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह, नीरज चौहान सक्रिय रहे।



## मरीजों को जिला व मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही रिफर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय अस्पतालों से मरीजों को निजी अस्पतालों में रिफर करने की शिकायतों को लेकर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने कड़े निर्देश जारी है। जेडी हेल्थ ने सभी सीएमएचओ को निर्देश दिया है कि अस्पतालों के बाहर से तत्काल सभी निजी एम्बुलेस हटवाएं जाए इसके साथ ही मरीजों को नियमानुसार जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही रिफर किया जाए। वहीं निजी संस्थानों और अस्पतालों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



- जेडी हेल्थ ने जारी किया आदेश, कहा-अस्पतालों के बाहर से हटाएं जाए निजी एंबुलेंस

दरअसल आए दिन दूरस्थ क्षेत्रों से यह शिकायत सामने आती रहती है कि शासकीय अस्पतालों से गंभीर मरीजों को चिकित्सकों द्वारा निजी अस्पतालों में रिफर कर दिया जाता है। अस्पतालों के बाहर मौजूद निजी अस्पतालों के एजेंट और एम्बुलेस वाले सांठगांठ कर मरीजों को शासकीय की जगह निजी अस्पताल लेकर जाते है जहां निर्धन मरीजों को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। शासकीय अस्पतालों और निजी अस्पताल संचालकों के इस गठजोड़ के अनेकों मामले सामने आ चुके है। इधर इन समस्याओं को देखते हुए संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सरगुजा, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, एमसीबी के सीएमएचओ, सिविल सर्जन, बीएमओ, मेडिकल ऑफिसर सभी को निर्देश दिया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफआरयू सेंटर), सिविल अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा के होते हुए भी मरीजों को निजी संस्थानों में रेफर किया जाता है, जो सही नहीं है। जबकि सामान्यतः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल से चिकित्सा महाविद्यालय में रेफर किये जाने हेतु श्रृंखला पूर्व से ही निर्धारित है। जेडी ने बताया कि प्रायः यह देखा गया है कि कई शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों के बाहर-परिसर में कई निजी एम्बुलेंस खड़े पाये गये हैं तथा मरीजों के परिजनों से भी दुर्व्यवहार करते हैं जिससे कभी-कभी अस्पताल परिसर में विवाद की स्थिति भी बनती है। अतः यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी शासकीय अस्पताल परिसर में कोई भी निजी एम्बुलेंस न रहे। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिलों में स्थित निजी चिकित्सा संस्थानों, अस्पताल द्वारा नर्सिंग होम एक्ट, आयुष्मान कार्ड के तहत पंजीकृत होने के बावजूद भी भर्ती मरीजों को आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से भर्ती, इलाज किए जाने से परहेज किया जाता है जो सही नहीं है। इन निजी चिकित्सा संस्थानों, अस्पतालों को चिन्हांकित कर इनके विरूद्ध नर्सिंग होम एक्ट-2013 के प्रावधान अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए इसके साथ ही समस्त निजी अस्पतालों का बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देश जारी किए जाए।



## जीवित महिला को मृत बताकर हड़प ली जमीन, अब लगा रही न्याय की गुहार

- एसपी से की गई शिकायत

**अंबिकापुर।** शहर में एक बुजुर्ग महिला को मृत बताकर उसकी जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। महिला ने अपने जीवित होने का सबूत देते हुए एसपी से मदद की गुहार लगाई है। बड़ी बात यह है कि महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र बन गया और उसकी जमीन पर दूसरों के नाम भी चढ़ गए जिसका प्रकरण चल रहा है। इधर इस फर्जीवाड़े के कारण परिवार अपने खेत का धान भी नहीं बेच पा रहे है।

गांधीनगर थाना अतंर्गत ग्राम मेंड्रा खुर्द निवासी 76 वर्षीया श्रीमती सुगामती राजवाड़े पति स्व. करीमन राजवाड़े ने बताया कि गांव के कंवल साय, राम्नायाँ, सोमारू व बृजमोहन द्वारा उसके जेठ स्व. तेजू की पत्नी मनमतिया को उसके पति स्व. करीमन की पहली पत्नी बनाया गया और वृद्धा सुगमती को दूसरी पत्नी बनाया गया। इसके साथ ही आरोपियों ने महिला सुगामती को मृत घोषित कर मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवा लिया और राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया। नाम दर्ज होने के बाद जब तहसील कार्यालय से नोटिस गया तो उन्होंने जांच शुरू की। अब वे तहसील न्यायालय में पेशी दौड़ रहे है और 9 फरवरी को उनकी पेशी की तारीख है। इसके साथ ही अब वे अपना धान नहीं बेच पा रहे है। महिला ने अपने भतीजे कंवलसाय पर ही साजिश रचने का आरोप लगाकर इस मामले की शिकायत एसपी से की है और जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है। बड़ी बात तो यह है जीवित महिला का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बन गया जो सवालों को जन्म देता है।

## कांग्रेस के अल्टीमेटम के बाद शुरू हुआ फेस केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- नेता प्रतिपक्ष ने जताया आभार, हजारों वंचित होंगे लाभान्वित

फिंगर केवाईसी विफलता के कारण राशन से वंचित किए गए हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों द्वारा कलेक्टर को दिए गए अल्टीमेटम पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए फेस केवाईसी की सुविधा शुरू कर दी है। जिला खाद्य अधिकारी ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद को फोन पर जानकारी दी कि तत्काल प्रभाव से फेस केवाईसी लागू कर दी गई है। अब वे सभी हितग्राही जिनका नाम फिंगर केवाईसी न होने के कारण राशन कार्ड से कट गया था, फेस केवाईसी कराकर पुनः राशन प्राप्त कर सकेंगे। इस फैसले से विशेष रूप से बुजुर्गों, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा मेहनतकश श्रमिकों को राहत मिलेगी, जिनकी उंगलियों की पहचान मशीनों में नहीं हो पा रही थी। शफी अहमद ने बताया कि प्रभावित हितग्राही अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान या निर्धारित केंद्र पर जाकर फेस केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने इस त्वरित निर्णय के लिए जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेस पार्षद दल ने जिले के सभी प्रभावित नागरिकों से अपील की है कि वे फेस केवाईसी की सुविधा का लाभ लेकर राशन प्राप्त करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर खाद्य विभाग अथवा अपने जनप्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

## हेल्थ प्लस

### नि:संतान दंपत्तियों के लिए नि:शुल्क परामर्श शिविर सूरजपुर में 25 जनवरी को

**सुरजपुर/ सरगुजा।** माखीजा टेस्ट टयूब बेबी सेंटर के तत्वाधन में सुरजपुर में निःसंतान दंपत्तियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर दिनांक 25 जनवरी को रविवार समय 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सौभाग्यम हॉस्पिटल, गायत्री कॉम्प्लेक्स, रॉयल एनफील्ड शोरूम के ऊपर, चंद्रपुर, मेन रोड सूरजपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित होगा। शिवर में आने के लिए 8109037050 और 8821854796 पर फोन करके अग्रिम पंजीयन करना आवश्यक है। इस शिविर में नलियों में रूकावट या अन्य कोई खराबी होना, अण्डो का न बनना अथवा समय पर न फूटना, पुरूष की वीर्य में शुक्राणुओ का कम होना अथवा निल होना, माहवारी का



अनियमित होना अथवा महिलाओं में मासिक धर्म बंद होना, बच्चेदानी में गांठ, सुजन आदि सें ग्रसित होना, दो-तीन बार कृत्रिम गर्भाधान कराने पर भी सफलता ना मिलना, बार-बार गर्भपात होना, सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना, पुरूष अथवा महिला किसी का भी नसबंदी का होना आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। जिसमें उपरोक्त कोई भी समस्या से ग्रसित दंपत्ति सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 25 को

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 25 जनवरी रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ.विनोद आहूजा, गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञडॉ.जगबीर सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है।




संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना




प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

अमरनाथ यात्रा

बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर

नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।

राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411